# महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था)
## Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain
(An autonomous organisation under Ministry of Education, Govt. of India)


17-3/2025/(प्रशा./वि.)मसारावेविप्र/1916 दिनांक 27-02-2026

**आदेश**

विषय:- 1. वेदभूषण प्रथम से वेदविभूषण प्रथम (कक्षा 6 से 11वीं) तक परीक्षा उपरांत वेद एवं आधुनिक अध्ययन जारी रखने के संबंध में ।
2. प्रत्येक छात्र को सुलेख अभ्यास कराने के संबंध में ।
3. छात्रों को संस्कृत संभाषण, शब्दरूप, धातुरूप, व्याकरण सूत्र, भगवद्गीता, स्तोत्र आदि का अभ्यास कराने के संबंध में ।

प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित वेदभूषण प्रथम से वेदविभूषण प्रथम (कक्षा 6 से 11वीं) तक की वार्षिक परीक्षाएँ सम्पन्न हो चुकी हैं। वर्तमान में केवल वेद विभूषण द्वितीय वर्ष की परीक्षा शेष है।

उपरोक्त के संदर्भ में प्रतिष्ठान से संबद्ध समस्त वेद पाठशालाओं एवं गुरु शिष्य परंपरा को निम्न निर्देश जारी किए जाते हैं:-

1. प्रत्येक वेदाध्यापक एवं आधुनिक विषय के अध्यापक अपने-अपने वेद विद्यालय में नियमित रूप से उपस्थित रहेंगे एवं अध्यापन जारी रखेंगे । छात्र भी स्वाध्याय/अध्ययन जारी रखेंगे।
2. प्रतिष्ठान के पाठशाला विभाग को यह दायित्व सौंपा जाता है कि वह विद्यालयों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करें तथा अध्यापन जारी रहना सुनिश्चित करें।
3. निरीक्षण के दौरान जो भी शिक्षक अनुपस्थित पाए जाएंगे, उनके मानदेय में कटौती की जाएगी।
4. कोरोनाकाल में किसी कारणवश जो वेद सस्वर पाठ अध्ययन/कण्ठस्थीकरण पूर्ण नहीं हो सका है, उसका स्वाध्याय/संध्या अनिवार्य रूप से कराया जाए।
5. वेदाध्यापकगण यह सुनिश्चित करें कि विद्यार्थियों को प्रतिदिन संस्कृत संभाषण का अभ्यास कराया जाए। साथ ही शब्दरूप, धातुरूप, व्याकरण सूत्र, भगवद्गीता, स्तोत्र आदि का शुद्ध उच्चारण सहित नियमित अभ्यास कराया जाए।
6. प्रत्येक छात्र को देवनागरी तथा रोमन लिपि में सुलेख का एक घंटा नियमित अभ्यास कराया जाना सुनिश्चित करें।
7. छात्रों को पहाड़ों का नियमित अभ्यास भी कराया जाए।
8. प्रतिष्ठान की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी प्रकार की छुट्टी घोषित नहीं की जाएगी। यदि ऐसा पाया गया तो संबंधित के मानदेय में कटौती की जाएगी।

27.2.2026

(प्रो. विरूपाक्ष वि. जड्डीपाल)
सचिव

प्रतिलिपि:-

1. प्रतिष्ठान से संबद्ध समस्त पाठशालाओं को सूचनार्थ एवं पालनार्थ ।
2. प्रतिष्ठान के पाठशाला अनुभाग को सूचनार्थ एवं पालनार्थ ।
3. कार्यालयी आदेश पत्रावली


वेदविद्या मार्ग, चिंतामण गणेश, पो.ऑ. जवासिया, उज्जैन-456006 (म.प्र.)
Vedavidya Marg, Chintaman Ganesh, P.O. Jawasiya, UJJAIN - 456006 (M.P.)
दूरभाष/Telephone : 0734 - 2502266, 2502254, ई-मेल/E-mail : msrvvpujn@gmail.com, वेब-साईट/Website : www.msrvvp.ac.in